## एक नजर

### दोहरीकरण को लेकर रद रहेंगी ट्रेनें

चित्रकूट। झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन पर चल रहे दोहरीकरण को लेकर इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन रोका गया है। मिली जानकारी के अनुसार, महोबा-खजुराहो पैसेंजर और झांसी-बांदा मेमू सात जून से नौ जून तक रद रहेंगी। वहीं प्रयागराज-झांसी एक्सप्रेस और झांसी मानिकपुर मेमू का संचालन 10 जून को रद रहेगा।

### बीयर की केन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मऊ,चित्रकूट। एसआई रामकृत यादव ने शेषनारायण पुत्र रामहर्ष निवासी भटरी थाना राजापुर और रवि तिवारी पुत्र जगतनारायण निवासी इटवां थाना रैपुरा को 24-24 बीयर केन के साथ गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में एसआई अभिनव प्रताप सिंह और दिव्यांश पांडेय शामिल रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

मऊ (चित्रकूट)। थानांतर्गत पियरिया गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सूरज प्रजापति (22) पुत्र सुखलाल फ्रिज का प्लग बोर्ड में लगा रहा था कि इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

### अवैध बालू के साथ ट्रैक्टर सीज

मऊ (चित्रकूट)। बियावल घाट से पुलिस ने अवैध बालू ढुलान कर रहे ट्रैक्टर को रविवार की सुबह पकड़ लिया। थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि सुबह ट्रैक्टर बालू से भरा पकड़ा गया था। उसको खनिज अधिनियम की धाराओं में सीज कर दिया गया है।


चोरों ने इस तरह से दीवार में लगाई सेंध। अमृत विचार


मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### दो घरों में लगाया सेंध वहीं एक गृहस्वामी को धमकाकर खुलवाया दरवाजा

# चोरों ने तीन घरों में बोला धावा, ले गए लाखों का माल

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** असलहे से लैस चोरों ने शनिवार रात तीन घरों को निशाना बनाया। दो घरों की दीवारों में सेंध लगाकर लाखों की नकदी और जेवर पार कर दिए तो वहीं एक गृहस्वामी को धमकाकर दरवाजा खुलवाया। सुबह घटना की जानकारी हुई तो लोगों में दहशत फैल गई। वहीं मौके पर पहंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार, थाना पहाड़ी अंतर्गत मजरा महाराजपुर में करीब छह चोरों ने सबसे पहले छोटेलाल के घर पर धावा बोला। चोर पक्की दीवार की ईंटें निकालकर घर में घुसे और करीब एक लाख रुपये नकद व दो लाख के जेवर ले गए। छोटेलाल के अनुसार, सभी लोग रोज की तरह रात करीब दस बजे खाना खाकर सो गए थे। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो सन्न रह गए। बताया कि खाली बक्सा और कपड़े घर से कुछ दूर पर ही पड़े मिले। चोरों ने इसी गांव की माया देवी के यहां भी वारदात को अंजाम दिया। माया का पति चुनकौना बाहर रहता है। घर में माया और बच्चे थे। चोर यहां भी घर के पीछे से दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। पचास हजार रुपये व करीब एक लाख के जेवर यहां से भी ले गए। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल, निरीक्षक अपराध शिवआसरे, कस्बा प्रभारी सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।


घर से थोड़ी दूरी पर फेंके गये बक्से और कपड़े। अमृत विचार

#### मायके आई बिटिया के गहने भी ले गए चोर

- तीनों गरीब परिवार हैं। समूह से कर्ज लेकर व मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। इन लोगों ने बताया कि किसी तरह धन गहने जोड़े थे, चोर ले गए। छोटेलाल की बिटिया मायके आई है। उसके भी जेवर चोरों ने पार कर दिए। उसका रो रोकर बुरा हाल है।

#### पांच-छह लोगों ने सीने पर सटाया था तमंचा

- माया देवी के पड़ोसी विजय पुत्र वितइया प्रजापति के यहां भी चोरों ने हाथ साफ किया। विजय के अनुसार, घर के अन्य लोग जहां अंदर सो रहे थे वहीं वह गर्मी के चलते बाहर सो रहा था। रात करीब दो बजे पांच-छह लोग उसके पास पहुंचे और तमंचा सीने से सटाकर दरवाजा खुलवाया और दस हजार की नकदी सहित करीब दो लाख के जेवरों से भरा बक्सा लेकर चले गए। कुछ दूर जाकर बक्सा व कपड़े फेंककर भाग गए। विजय ने बताया कि उसके चिल्लाने के बाद भी कोई नहीं आया तो उसने पुलिस को सूचना दी।

## बेटी को परेशान करते हैं शोहदे लगाई गुहार

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी अंतर्गत एक मुहल्ला निवासी एक महिला ने तीन युवकों पर उसकी नाबालिग बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी उसे आते जाते छेड़ते हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महिला ने बताया कि उसकी बेटी ने अपना मोबाइल आरोपी की दुकान में बनने के लिए दिया था। इसपर उसने मोबाइल के कवर में अपना नाम पता लिखकर दिया था। बताया कि जब बेटी पांच दिन बाद दुकान पहुंची तो आरोपी ने उसे मोबाइल के कागज लाने को कहा।

बताया कि इस संबंध में चौकी में सूचना देने पर मोबाइल वापस मिला था। महिला का आरोप है कि बाद में पता चला कि आरोपी दुकानदार ने मोबाइल दो अन्य युवकों को दे दिया था और उन लोगों ने बेटी की फोटो निकालकर एडिट कराकर भद्दी फोटो बना लीं और अब उसे तीनों परेशान कर रहे हैं। कालेज आते जाते समय उससे छेड़छाड़ करते हैं। उसने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। उधर, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# शराब पीकर कार चलाने पर 29 हजार का जुर्माना


टीआई से बहस करते आरोपी और लगी भीड़। अमृत विचार

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** शनिवार रात बस स्टैंड के पास उस समय भीड़ जुटने लगी, जब एक कार चालक की टीआई से बहस हो गई। लगभग आधे घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस चालक और उसके साथी को कोतवाली ले गई। टीआई का कहना है कि शराब पीकर कार चलाने पर रोकने पर ये लोग झगड़े पर उतारू हो गए थे।

घटना शनिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे की है। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ बस स्टैण्ड पर एंटी ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक कार चालक एवं उसके सहयोगी की चेकिंग करने की कोशिश की गई तो दोनों युवकों ने गालीगलौज एवं धक्कामुक्की करना शुरू कर दिया। बताया कि सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों को थाने ले गई। प्रभारी यातायात ने बताया कि कार को सीज कर दिया गया है और साथ ही 29 हजार रुपये का ई-चालान भी किया गया है। यातायात प्रभारी की तहरीर पर कोतवाली में रोहित द्विवेदी पुत्र चंद्रकांत द्विवेदी निवासी चौकी के पीछे सीतापुर व महेश श्रीवास पुत्र कुंजीलाल निवासी चंद्रगहना के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बताया कि पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया तो रिपोर्ट में भी शराब के सेवन की पुष्टि हुई है।

#### दोनों ने बीयर बार में भी किया था बवाल

- दोनों आरोपियों ने इसके पूर्व एक दुकान में भी बवाल किया था। रेलवे स्टेशन के पास स्थित बीयर बार के सेल्स मैन सौरभ पांडेय ने इस संबंध में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि दोनों युवक रात में उसकी दुकान आए और बीयर बदलने की बात कही। जब उसने मना किया तो उससे गालीगलौज की।


परिक्रमा पथ की सफाई करते युवा। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में भी चला परिक्रमा पथ का सफाई अभियान

**सीतापुर (चित्रकूट)।** कामदगिरि स्वच्छता समिति की अगुवाई में रविवार को युवाओं ने परिक्रमा पथ पर नियमित सफाई अभियान चलाया। भीषण गर्मी में भी इन लोगों का जज्बा बरकरार रहा। अध्यक्ष और पालिका के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि कामतानाथ परिक्रमा पथ को स्वच्छ और सुंदर बनाना ही उनका लक्ष्य है। अभियान में अंकुर केशरवानी, कृष्णा शुक्ला, रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, विजय कुमार, रामसिया और पालिकाकर्मियों ने सहयोग किया।

## महिला सफाई कर्मी की मौत, मदद का दिया आश्वासन

**रामनगर (चित्रकूट)।** खजुरिहा खुर्द गांव में महिला सफाईकर्मी की हार्टअटैक से मौत हो गई। डीपीआरओ ने उसके घर पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, सफाईकर्मी सुमित्रा पत्नी शिवकुमार रविवार सुबह भैंस को चारा डाल रही थी कि अचानक जमीन पर गिर गई और उसकी सांसें थम गईं। मौत की वजह हृदयाघात बताया जा रहा है। डीपीआरओ ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। सुमित्रा ग्राम पंचायत भखरवार में तैनात थी।

# अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना चल रहे कई प्रतिष्ठान

संजय साहू, चित्रकूट

**अमृत विचार।** शहर के तमाम प्रतिष्ठानों, बिल्डिंगों और मॉल आदि में अग्निशमन को लेकर पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं और वे बिना अग्निशमन विभाग की एनओसी के ही संचालित हो रहे हैं। अब सोचने की बात यह है कि अगर यहां पर कोई हादसा हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

बीते दिनों राजकोट, दिल्ली आदि में हुई आग की घटनाओं से भी तमाम लोगों ने सबक नहीं लिया है। जिले में तमाम प्रतिष्ठान, दुकानें और मॉल ऐसे हैं, जिन्होंने अग्निशमन विभाग से इस संबंध में एनओसी तक नहीं ली है। जानकारी के मुताबिक घनी आबादी के बीच शहर में चल रहे मॉलों में अग्निशमन संबंधी एनओसी नहीं है और पर्याप्त व्यवस्थाएं भी नहीं हैं। बस स्टैंड के पास दो माल लगभग पांच साल से चल रहे हैं। इनमें कर्मचारी लगभग दस घंटे बने रहते हैं। ग्राहकों की आवाजाही भी रहती है। अगर कोई घटना हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा। पिछले साल 11 जून को शहर के मिश्रा कांप्लेक्स में प्रथम तल पर स्थित आर्यावर्त बैंक की शाखा में आग से काफी कुछ जल गया था। गनीमत थी कि जिस समय हादसा हुआ उस समय वहां पर कोई नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद कई दिनों तक अभियान भी चलाया गया था पर बाद में यह ठप पड़ गया।



शहर के व्यस्ततम इलाके में स्थित एक मॉल। अमृत विचार

- **कुछ भी कहने से बचते रहे अधिकारी :** उधर, इस संबंध में अग्निशमन विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बचते रहे। बाद में नाम न छापने का अनुरोध करते हुए बताया कि वे समय-समय पर छापेमारी करते रहते हैं लेकिन वह पावर नहीं है कि ठोस और मजबूत कार्रवाई कर सकें। सिर्फ सम्मन ही भेज सकते हैं। बताया कि शहर के कई और बड़े प्रतिष्ठानों में लगभग 70 प्रतिशत लोगों के पास अग्निशमन विभागों की एनओसी नहीं है। फिर भी चल रहे हैं जो भी आवेदन ऑनलाइन हमें प्राप्त होते हैं उनमें मानक पूरे हैं तो सप्ताह के अंदर एनओसी जारी कर देते हैं और अगर मानक नहीं हैं तो टिप्पणी आख्या लगा उसका निस्तारण कर दिया जाता है।
- **फायर एनओसी के लिए किया अप्लाई :** इस संबंध में वी मार्ट के मैनेजर जुनैद अहमद ने बताया कि उन्होंने फायर एनओसी के लिए आवेदन किया है। यह तो मकान मालिक ही बता पाएंगे कि कब किया है। यह उसकी ही जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वैसे अग्निशमन की व्यवस्थाएं कर रखी हैं। वहीं वी बाजार के स्टाफ ने अपने मैनेजर का नंबर देने से मना कर दिया, जिससे उनसे बात नहीं हो सकी।

## पुलिस ने छह आरोपियों को दबोचा

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने वारंटी आरोपियों बबलू उर्फ महेंद्र प्रताप पुत्र स्व. रामेश्वर, मुलायम यादव पुत्र रामनरेश उर्फ राजनरेश निवासीगण ग्राम बरूई पहरा, राजकुमार प्रजापति पुत्र रामआसरे निवासी कुम्हारनपुरवा मजरा पहरा, कल्लू यादव उर्फ फूलचंद्र पुत्र ओम प्रकाश निवासी भीषमपुर और धर्मेंद्र पांडेय पुत्र जगदंबा प्रसाद निवासी टिटिहरा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई बालकिशुन, उत्कर्ष कुमार सिंह, आरक्षी सतीश और संदीप लोधी शामिल रहे। उधर, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने आरोपी सुकरू पुत्र भगवानदीन निवासी रानीपुर भट्ठ को गिरफ्तार किया। टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह, राखी और पल्लवी शामिल रहीं।

## श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर से परिक्रमा नहीं करा सकेंगे नाबालिग बच्चे

सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को व्हील चेयर में बैठाकर परिक्रमा करवाने वाले नाबालिग अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। मप्र अंतर्गत चित्रकूट नगर पंचायत ने इस पर रोक लगा दी है। ऐसा पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। गौरतलब है कि तीर्थक्षेत्र में परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को व्हील चेयर में परिक्रमा कराने में सबसे ज्यादा संख्या नाबालिगों की है। सुबह से देर शाम तक ये नाबालिग वृद्ध और शरीर से अक्षम लोगों को परिक्रमा कराते नजर आते हैं। अब नगर पंचायत ने इन पर रोक लगा दी है। माना जा रहा है कि बाल श्रम पर रोक लगाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही परिक्रमा मार्ग पर ठेला लगाने वाले एवं गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई करने की बात कही गई है। नगर पंचायत अतिक्रमण एवं स्वच्छता प्रभारी प्रभात सिंह गहरवार ने इस संबंध में रविवार को परिक्रमा मार्ग में बाकायदा अनाउंसमेंट कराकर यह जानकारी दी। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

● नगर पंचायत ने की सख्ती कहा की जाएगी कार्रवाई

## दान पेटी का ताला टूटने से लोगों में मची अफरातफरी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र स्थित प्राचीन मुखारविंद मंदिर में रविवार को दो दान पेटियों में से एक का ताला टूटा मिलने से अफरातफरी मच गई। वहां के संतों ने बताया कि बीते लगभग एक वर्ष से नहीं इन पेटियों को नहीं खोला गया है। ताला टूटने की जानकारी मप्र अंतर्गत मझगवां के एसडीएम और तहसीलदार को दी गईं।

## सार-संक्षेप

### छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र-छात्राएं सम्मानित

**बांदा।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा समेत पीपीपी स्कालरशिप परीक्षा में मेधा का परचम फहराने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए। आदर्श प्राइवेट आईटीआई डायरेक्टर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। आदर्श प्राइवेट आईटीआई में प्रतिभा सम्मान समारोह में 31 मार्च को संपन्न हुई पीपीपी स्कॉलरशिप परीक्षा में जिला टॉप करने वाले संत तुलसी पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र आयुष साहू के अलावा कई अन्य चयनित छात्र-छात्राएं भी सम्मानित किए गए। ज्ञात रहे कि पीपीपी स्कॉलरशिप परीक्षा में करीब तीन हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। रविवार को पीपीपी स्कॉलरशिप परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों को आदर्श प्राइवेट आईटीआई के डायरेक्टर प्रशांत चैहान और केआईसी पब्लिक लाइब्रेरी के डायरेक्टर कृष्ण मौर्य द्वारा सम्मानित किया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** दुष्कर्म के मामले में थाना जलालपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना जलालपुर में रविंद कुमार निवासी चकदहा कोतवाली मौदहा के खिलाफ धारा 363/376(3) व 4 पोक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव व कांस्टेबल ललित कुमार ने आरोपी को धौहल तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक किया है।

### ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ निकली नगर संकीर्तन यात्रा

**इटावा।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में रविवार को कुंज पचराहा क्षेत्र में हरि नाम संकीर्तन और ढोल नगाड़ों के साथ नगर संकीर्तन यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा एवं आरती कर यात्रा का स्वागत किया। संकीर्तन मंडल से जुड़े सदस्य श्रद्धालुगण सबसे पहले प्रात :काल यात्रा के यजमान केशव नारायन सिंघल के कूंचा अनीराय मोहल्ला कुंज स्थित आवास पर पहुंचे। जहां श्री राधा माधव युगल सरकार का पूजन एवं आरती कर उनकी पालकी को कांधे पर रख यात्रा आरंभ की। जो छैराहा, पंसारी टोला, अकाल गंज, पचराहा आदि की गलियों से होती हुई पुन: यात्रा के यजमान केशव नारायन के आवास पर पहुंची। जहां नवीन अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, अरुण अग्रवाल ने सभी भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने यात्रा पर जमकर पुष्प वर्षा करते हुए युगल सरकार की आरती उतारी एवं शरबत, शिकंजी, बिस्किट, फल, मिष्ठान, शीतल पेय, कुल्फी आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया। यात्रा को सफल बनाने में मंडल शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेश वाजपेई, नरेंद्र वर्मा, कमल किशोर वाजपेई, राजेंद्र सिंह, हरि प्रकाश शुक्ला, राजीव अवस्थी, जीतू वर्मा, राम प्रकाश पांडेय, सभासद शरद वाजपेई, जय प्रकाश जैन, लालजी, विष्णु कुमार अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

### तंबाकू से कैंसर का खतरा, इसके सेवन से बचें

**सैफई, इटावा।** यूपीयूएमएस, सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया। आरएचटीसी में तंबाकू सेवन से होने वाली दुष्प्रभावों व बीमारियों के संदर्भ में लोगों को जागरूक किया गया। सामुदायिक चिकित्सा की सहायक प्रोफेसर डॉ सुगंधी शर्मा ने कहा कि किसी भी रूप में तंबाकू धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बच्चों को किसी भी रूप में तंबाकू न बेचने की अपील की गई। सामुदायिक चिकित्सा विभाग की डॉ. अनामिका चंद्रा ने इस दिवस को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही तंबाकू से कैंसर के खतरे और तंबाकू छोड़ने की विभिन्न रणनीतियों के बारे में चर्चा की।

तैयारी

बैठक में कमिश्नर ने एआरएम को दिए दिशा-निर्देश, प्रात : 11 बजे से सायंकाल चार बजे तक परिक्रमा न करने की अपील

# अमावस्या पर रेलवे स्टेशन से यूपीटी तक चलायें रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि अमावस्या मेले पर रेलवे स्टेशन से यूपीटी तक रोडवेज बसें चलाई जाएं। कमिश्नर ने रविवार को डीआईजी अजय कुमार सिंह के साथ ज्येष्ठ मास की अमावस्या की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि अमावस्या छह जून को है और मेला पांच से सात जून तक चलेगा। पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन, 12 सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। कमिश्नर ने एक्सईएन सिंचाई को रामघाट पर बैरीकेडिंग, गोताखोर, नाव की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। डीआईजी ने कहा कि गोताखोरों के नाम व मोबाइल नंबर भी पुलिस के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। मंडलायुक्त ने एक्सईएन जल संस्थान को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के मद्देनजर परिक्रमा मार्ग, रामघाट सहित सभी पार्किंग स्थलों पर टैंकर आदि के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सफाई, विद्युत, जेनरेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, खोया पाया केंद्र, सीसीटीवी कैमरा, रामघाट में चेंजिंग रूम, प्याऊ आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर उसकी सूची एडीएम को उपलब्ध कराएं।

इस मौके पर डीआईजी से परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण न होने के लिए भी आगाह किया। कहा कि पार्किंग की जो दरें निर्धारित की गई हैं, उसी के आधार पर वसूली कराई जाए। निजी पार्किंग किसी भी दशा में नहीं संचालित होगी। मंडलायुक्त ने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिए कि पूरे मेला क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कराई जाए। कमिश्नर ने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि मेले के दौरान रेलवे स्टेशन से यूपीटी तक रोडवेज बसों का संचालन किया जाए। इसके लिए स्टेशन मास्टर से ट्रेनों के समय की जानकारी कर लें। उन्होंने एसडीएम व सीओ को मेले के पूर्व सभी व्यवस्थाएं देखने और मध्य प्रदेश के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना के तत्काल बाद मेले के आयोजन में सभी अपना दायित्व निर्वहन ठीक से करें। डीएम ने चौकी प्रभारी सीतापुर एवं खोही को निर्देशित किया कि प्रचार प्रसार कराएं कि भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रातः 11 बजे से सायंकाल चार बजे तक परिक्रमा न करें। जिला पूर्ति अधिकारी को परिक्रमा मार्ग पर जलेबी वाली गली की दुकानों में छापेमारी करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ राजकमल, एसीएमओ डॉ. एमके जतारिया, एसई विद्युत बृजेश कुमार, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, ईओ लालजी आदि अधिकारी मौजूद रहे।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह और साथ में डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

#### मतगणना के दिन बंद रहेगा वाहनों का आवागमन

- मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ रविवार को मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का मुआयना किया। अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को सबकुछ दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि मतगणना के दिन बेड़ी पुलिया से यूपीटी तिराहे तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। बड़े एवं भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। ये बेड़ी पुलिया शिवरामपुर होते हुए चित्रकूट की ओर आए जाएंगे। कर्मचारियों, एजेंटों के वाहनों के लिए परिचय पत्र रहेगा। इन वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था मतगणना स्थल से पहले एवं पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में कराई गई है।

# आसमान से बरस रही आग, लोग बेहाल

## लू के थपेड़ों के बीच सड़कों पर पसरा सन्नाटा, दुकानों से ग्राहक नदारद, भीषण गर्मी में पशु-पक्षी बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**46** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **32** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान



नरैनी कस्बे में बारिश का नजारा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम में जहां आम आदमी का जीना मुहाल हो रहा है, वहीं पशु-पक्षी भी सूरज की तपिश से बेहाल हो रहे हैं। एक सप्ताह पहले शुरू हुए नौतपा के पहले दिन से पारा 48-49 के आसपास पहुंच गया था, वहीं रविवार को भी पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा। इस साल की गर्मी ने पिछले कई वर्षों के रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। तापमान में हो रहे इजाफा से हीट स्ट्रोक और डायरिया आदि के मरीजों में बढ़ोत्तरी हो रही है, वहीं तेज गरम हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी हाल फिलहाल मौसम की तपिश से राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे।

बुंदेलखंड क्षेत्र वैसे पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिक गर्म होता है, लेकिन इस बार तो गर्मी ने सारे रिकार्ड ही तोड़ डाले हैं। लगातार कई दिनों से तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी लोगों को घरों में दुबकने का विवश कर रही है, वहीं लोग हीट स्ट्रोक व डायरिया का शिकार होकर अस्पतालों में भर्ती होने को मजबूर हो रहे हैं। 25 मई से नौतपा शुरू हुए तो तापमान में बेतहाशा इजाफा होने लगा और पारा 48-49 डिग्री में आकर अटक गया। सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है।

पिछले कई सालों के रिकार्ड ध्वस्त हो गए हैं। मई के महीने में बांदा जहां तापमान 49 डिग्री तक पहुंचकर देश में सबसे अधिक गर्म जिलों में शुमार हो गया था, वहीं जून माह की शुरूआत में भी पारा नीचे आने को तैयार नहीं है। आसमान से बरसती आग के आगे सभी बेबस नजर आ रहे हैं। प्रचंड गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है और दुकानों से ग्राहकों की संख्या भी नदारद हो गई है। लोग शाम होने के बाद ही घरों से निकलने के बारे में सोचते हैं।

रविवार की दोपहर अधिकतम तापमान जहां 46 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री तक पहुंच रहा है। सुबह से ही गर्मी अपना कहर बरपाना शुरू कर देती है, जो देर शाम तक रहता है। इस समय गर्मी से बचाव के उपाय भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी से लोग घरों में कैद होने को मजबूर है। इसका नतीजा यह है कि दोपहर में बारह बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। बदन झुलसाती धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने घरों से निकलना दुश्वार कर दिया। अगर कोई किसी काम से अपने घरों से बाहर निकल रहा है तो अपनी पूरी शरीर को ढक कर ही निकल रहा है।

महिलाएं चेहरे पर दुपट्टा लपेटने के बाद भी घर से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। पुरुष भी गमछा, टोपी, चश्मा के सहारे धूप से बचाव करते नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी का नतीजा यह है कि बाजारों में दिन भर सन्नाटा पसरा छाया रहता है।

### शाम को बारिश से मिली राहत

**नरैनी।** दिनभर गर्मी का सितम बरकरार रहा। लोग दिनभर गर्मी से बेहाल रहे। नौतपा के अंतिम दिन देर शाम को बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिली। शाम को करीब आधे घंटे तेज बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी बह निकला। हालांकि मामूली बारिश से उमस बढ़ गई। लोग पसीने से तरबतर रहे। रविवार को दोपहर तक प्रचंड गर्मी रही, लेकिन शाम पांच बजे के बाद आसमान पर काले बादलों ने डेरा जमा लिया। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिली। दिनभर गर्म हवा व उमस ने लोगों को बेहाल किया।

### बिजली कटौती बनी कोढ़ में खाज

भले से ही सरकार द्वारा बिजली के निर्बाध आपूर्ति का लम्बा-चौड़ा दावा किया जाता हो, लेकिन जिले में इस समय में अघोषित बिजली कटौती कोढ़ में खाज बनी है। बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर समेत ग्रामीण अंचलों में अघोषित बिजली कटौती से लोग बिलबिला उठे हैं। हालात यह हैं कि बिजली की असमय आवाजाही ने लोगों का चैन छीन लिया है। भीषण गर्मी के कारण लोग काफी परेशान है। तमाम प्रयासों के बावजूद भी बिजली की निर्बाध आपूर्ति उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वैसे तो मंडल मुख्यालय में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश हैं और इस संबंध में शनिवार को दक्षिणांचल विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने भी यहां पहुंचकर अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए थे, लेकिन वास्तव में उनकी फटकार का कोई असर होता दिखाई नहीं दिया। शहर के कई मोहल्लों में 24 घंटे के स्थान पर महज 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ऐसे में लोगों के दिन का चैन और रात की नींद हराम हो गई है।

# गर्मी में दो घूंट पानी पर भी लगा दिया ताला

संवाददाता, नरैनी

- शिक्षक ने हैंडपंप पर जड़ा ताला तो प्रधान ने निकाला समर्सिबल पंप



हैंडपंप पर लगा ताला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच तहसील क्षेत्र के कई गांवों में सूखे जैसा मंजर दिखना शुरू हो गया है। लगातार सूखते जलस्रोतों के कारण लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। भीषण गर्मी में बदौसा क्षेत्र के बरछा डंड़िया गांव में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने हैंडपंप पर ताला जड़ दिया। दूसरी ओर इसी गांव में पूर्व प्रधान गांव के हैंडपंप और सामुदायिक शौचालय में लगे समर्सिबल पंप खोलकर अपने घर ले गया। जिससे लोग प्यासे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामलों को संज्ञान लेकर पेयजल समस्या समाधान की मांग की है।

बदौसा क्षेत्र के बरछा डंड़िया गांव के ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। प्रधानाध्यापक और पूर्व प्रधान ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास लगे हैंडपंप पर प्रधानाध्यापक ने ताला जड़ा दिया। इतना ही नहीं प्रधानाध्यापक ने हैंडपंप के हत्थे को भारी भरकम और मोटी लोहे की जंजीर से बांध दिया है। जिससे की कोई भी ग्रामीण हैंडपंप से पानी न भर सके। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल के प्रधानाध्यापक ने ग्रामीणों को सबक सिखाने के लिए हैंडपंप पर ताला लगाया है। इसी गांव के कुबेर प्रसाद गुप्ता, बहोरी यादव, महेंद्र पांडेय, लवकुश तिवारी, कल्लू यादव, अजय यादव, शांती देवी, रामरतन, देवीदीन आदि ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान गांव के हैंडपंप और सामुदायिक शौचालय में लगे समर्सिबल खुलवा कर ले गया। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मोहताज कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उधर, इस बारे में सहायक विकास अधिकारी सुशील द्विवेदी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले का स्थलीय निरीक्षण करके फौरी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की बाइक समेत शातिर चोर गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में बाइक चोर।

**बांदा।** मुखबिर की सूचना पर लगभग एक पखवारा पहले हुई बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए शहर कोतवाली पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने चोर को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पुलिस चौकी इंचार्ज दिलीप मिश्रा और हेड कांस्टेबिल सुखवीर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली क्षेत्र के अवंती नगर गली नंबर-2 निवासी मनीष गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता को रविवार को नरैनी रोड स्थित राजा देवी डिग्री कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से पिछले एक पखवारा पहले नवाब टैंक के पास से देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी बिंदा यादव की चुराई गई अपाचे बाइक बरामद की।

# लू से रेलवे कर्मी समेत चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा



भीषण गर्मी में सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी लगातार जानलेवा बनी हुई है। लू के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहता है। लू से मौत का सिलसिला नहीं थमा। ताजी घटनाओं में लू की चपेट में आकर रेल कर्मी समेत चार की मौत हो गई।

हमीरपुर जिला के देवगांव निवासी गया प्रसाद (40) पुत्र बिहारी शनिवार की शाम ड्यूटी करने के बाद देर रात घर आया। रविवार की सुबह उसकी अचानक हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डाक्टरो ने उसे मृत मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे रविकुमार ने बताया कि गया प्रसाद को ड्यूटी के दौरान लू लग गई थी। वह रेल कर्मचारी था। बिहार के दाउद नगर (औरंगाबाद) निवासी दीनानाथ (50) पुत्र बाबूलाल महोबा में सड़क निर्माण में काम करता था। शनिवार की शाम लू लग जाने से उसकी हालत खराब हो गई। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह हमीरपुर जिला के बनिभौता ओमर नगर निवासी अमित (40) पुत्र विनोद रविवार की दोपहर असोथर से खाली ट्रक लेकर गिटटी लादने कबरई जा रहा था। तभी रास्ते में उसे लू ने अपनी चपेट में ले लिया। खैराडा रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक खड़ा करके लेट गया। काफी देर होने के बाद साथी ड्राइवरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। उधर, कालिंजर थाना क्षेत्र के तरहटी कालिंजर गांव निवासी शारदा प्रसाद (65) पुत्र सुखदेव रविवार को सुबह बकरी चराने गया था। तभी लू लगने से वह खेत पर गश खाकर गिर पड़ा। अन्य चरवाहों ने परिजनों को सूचना दी।

### आंधी से घर के ऊपर गिरा पेड़, दो घायल

**नरैनी।** रविवार को तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश से विशालकाय आम का पेड़ घर के ऊपर गिर गया, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कोतवाली क्षेत्र के खरौंच गांव के भिम्मा पुत्र मैकू के घर के पीछे आम का पुराना पेड़ लगा था। रविवार की दोपहर को आंधी पानी के दौरान यह पेड़ घर के ऊपर गिर गया, जिससे भिम्मा 65 वर्ष और इनका चचेरा भाई मातादीन 62 पुत्र गिरधारी गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुची और दोनो घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ दिनेश राजपूत ने बताया कि मातादीन को सिर और कमर में गम्भीर चोट लगी है। इसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार वर्मा बाबू जी और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर अस्पताल पहुंचे और घायल की मदद का भरोसा दिलाया। हल्का लेखपाल लालमन सिंह ने बताया कि आम की डाल गिरने से भिम्मा का घर क्षतिग्रस्त हो गया है।

# देवर्षि नारद के व्यक्तित्व से प्रेरणा लें पत्रकार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नारद जयंती पर आरएसएस प्रचार विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों का किया सम्मान
- गोष्ठी में वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा, दबाव से घबराए बिना सत्य का पक्ष लेना चाहिए




कार्यक्रम को संबोधित करते जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचार विभाग (कानपुर प्रांत) के तत्वाधान में आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 80 से ज्यादा पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर के वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। पद्मश्री ने महर्षि नारद के व्यक्तित्व से सीख लेकर पत्रकारों से आगे बढ़ने का आह्वान किया। कहा कि महर्षि बेखौफ होकर सच सबके सामने लाते थे। आज के पत्रकारों को भी शासन और सत्ता के दबाव से घबराए बिना सत्य का पक्ष लेना चाहिए।

छावनी चैराहा स्थित होटल में आरएसएस प्रचार विभाग के तत्वाधान में रविवार को देवर्षि नारद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित सभी पत्रकारों व अन्य अतिथियों ने देवर्षि नारद भगवान को उनके अवतरण दिवस के अवसर पर प्रणाम कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 80 से ज्यादा पत्रकारों को अंगवस्त्र, श्रीफल और महर्षि नारद का चित्र भेंट कर सम्मानित किए गए। समारोह के दौरान वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए समाधान खोजने पर भी चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रथम पत्रकार के रूप में ऋषि नारद माने जाते हैं। वह वेदों के प्रसार करने से लेकर देवताओं और दानवों के बीच संवाद का माध्यम थे। ऋषि नारद की पत्रकारिता ध्रुव तारे के समान उच्च आदर्शो का पथ प्रदर्शक है। आज की पत्रकारिता चुनौतियों से भरा मार्ग है। फिर भी समाधान का मार्ग खोजना होगा। जिला संघचालक सुरेंद्र पाठक ने पत्रकारों को महर्षि नारद का प्रतिनिधि बताया। कहा कि वह झगड़ा भी सिर्फ सच बोलने के लिए करते थे। आज के दौर में पत्रकारिता को सच पर ही आधारित होना चाहिए। जिला कार्यवाह श्यामसुंदर ने संघ में प्रचार विभाग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर संघचालक रामनाथ, सह नगर संघचालक महेंद्र, सह जिला कार्यवाह दिलीप, प्रचार प्रमुख हरितांकर, नगर कार्यवाह सोमेश समेत बड़ी संख्या में पत्रकार एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहें। संचालन यश शिवहरे ने किया।

# कर्मियों ने चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगाया अभद्रता का आरोप

संवाददाता, तिंदवारी

- संविदा विद्युत कर्मियों ने थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार।** जहां एक ओर भीषण गर्मी में बिजली विभाग के कर्मचारी लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं कथित चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा संविदा विद्युत कर्मियों के साथ अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित संविदा कर्मियों ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

तिंदवारी थाने में तहरीर देकर संविदा बिजली कर्मचारी मेवालाल पुत्र लल्लूराम निवासी शंकर नगर ने बताया है कि रविवार को वह अपने दो अन्य कर्मचारी साथियों मइयादीन पुत्र मलखान व अरविंद पुत्र मइयादीन के साथ थाने के पास लगे ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाने के बाद ब्लाक के पास लगे फ्रीजर से पानी पी रहे थे। तभी चेयरमैन प्रतिनिधि वहां पहुंच गए और अभद्रता करने लगे। विरोध पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। चेयरमैन प्रतिनिधि की अभद्रता से पीड़ित होकर तीनों लोग वहां से भाग निकले और थाने पहुंचकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# ननिहाल में किशोर ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के हजारीपुरवा निवासी अमन (17) पुत्र हजारी प्रसाद शनिवार को अपने नाना पुन्ना उर्फ बंगाली के घर गया था। शाम को उसने घर का काम किया। रात को खाना खाने के बाद कमरे मे सोने चला गया। सुबह देर तक जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंची ममेरी बहन ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक के नाना ने बताया कि अमन इकलौती संतान था। उसका पिता कई साल पहले गायब हो गया था। उसकी मां कौशिल्या बांदा शहर के बंगाली पुरा मोहल्ले में किराए की दुकान मे परचून की दुकान खोले है।

# प्रेक्षक ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता,बांदा



मतगणना स्थल का जायजा लेतीं डीएम व प्रेक्षक। अमृत विचार

- गर्मी को देखते हुए यातायात व सुरक्षा प्रबंधों के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** प्रेक्षक वी.कलाईराशि ने आयुक्त, डीआईजी, जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित मतगणना स्थल पर जाकर मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभावार तैयार किए जा रहे मतगणना पंडालों का निरीक्षण करते हुए निर्देश भी दिए।

सामान्य प्रेक्षक ने आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति में मतगणना कार्य का निरीक्षण करने के साथ उन्होंने स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना कार्मिकों के लिए प्रवेश की व्यवस्था सहित अन्य सभी तैयारियां का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर मतगणना काउंटर, बैरीकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, समुचित लाइट एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा करते हुए संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्मिकों की सुविधा के लिए जगह-जगह पर साईनेज लगाए जाने तथा गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था एवं वाहनों की आवागमन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर प्रत्येक विधानसभा के मतगणना हाल में गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मेडिकल किट आवश्यक दवाओं एवं ओआरएस घोल सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिये तथा मण्डी में अस्थायी चिकित्सालय एवं चिकित्सकों की भी मेडिकल कैम्प में तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने तथा जलसंस्थान के महाप्रबन्धक को स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को साफ-सफाई व्यवस्था के साथ डस्टबिन एवं मोबाइल शौचालय लगाये जाने के निर्देश दिये। कहा कि मतगणना के दौरान कार्मिक, मतगणना एजेंट अपनी ड्यूटी में कार्ड साथ में रखेंगे तथा कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा। निरीक्षण के समय पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप आदि रहे।

**बदहाली** | सकरौ जलप्रपात से निकली कड़ैइली नदी भी सूखने के कगार पर

# बाणगंगा नदी के विलुप्त होने से पानी के लिए संकट का संकेत

राजेश तिवारी ,अतर्रा (बांदा)



बाणगंगा नदी की विलुप्त हुई जलधारा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत वर्ष में जीवनदायिनी रही नदियों का अस्तित्व आज संकट में है। नदी संरक्षण के तमाम दावों के वावजूद छोटी सहायक नदियों के संरक्षण हेतु कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए जा सके हैं। प्रदूषण व उपेक्षा के चलते तमाम नदियां सूख रहीं हैं। इसका जीता जागता उदाहरण बाणगंगा नदी है।जिसकी जलधारा अब पूरी तरह से टूट चुकी है।

फतेहगंज के कोल्हुआ जंगल में स्थित कोल्हू देवबाबा स्थान से निकली बाणगंगा नदी उपेक्षा के कारण संकटग्रस्त है। वर्तमान में इसकी जलधारा पूरी तरह से टूट चुकी है,जो पहली बार हुआ है। इसके साथ ही बागेन नदी की सहायक नदियां कडैइली, कोइलार,बड़ार,जो झरनों एवं प्राकृतिक कुंडों से निकलती है सबकी सब पूरी तरह से सूखी पड़ी है। बारहों महीने जल से ओत-प्रोत रहने वाली नदियां बाणगंगा व शुक्राचार्य की सहायक नदी कडैइली पूरी तरह से सूखी पड़ी है। इनका जल बहते हुए जाकर औगासी घाट पर यमुना नदी में मिलता है।

ग्रामीणों में नदी तालाब जलस्रोत बचाओ अभियानों के चलने के बाद भी इनके संरक्षण हेतु कोई ठोस प्रयास न किए जाने पर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण नदियों के सूखने का कारण इनकी निर्मल जलधारा को रोककर रसिन गांव में चौधरी चरणसिंह बांध बनाए जाने को दोषी बता रहे हैं। कोल्हुआ जंगल से निकलकर 20 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद में इसका अस्तित्व अब समाप्त हो गया है।

### बोले लोग



बाणगंगा नदी के पानी की जलधारा कभी नहीं टूटी है। इस साल पहली बार हुआ है। नदियों का अस्तित्व बांध एवं चेकडैम बनने से समाप्त हो रहा है।


–राकेश गौतम मेजर (समाजसेवी)



केंद्र सरकार बुंदेलखंड के भू-भाग को जल से आच्छादित करने के लिए नदी जोड़ो योजना पर काम कर रही है। किंतु प्रदेश सरकार द्वारा छोटी नदियों को बचाने का प्रयास न किया जाना कष्ट देने वाला है।

–अभिषेक गुप्ता

बाणगंगा नदी पर रसिन का बांध बनाए जाने के समय रामनाथ दुबे सांसद थे। उन्होंने उस समय बाणगंगा की अविरलता समाप्त न हो इसके लिए अधिकारियों को ठोस उपाय करने के लिए निर्देशित किया था। सरकार को बाणगंगा नदी की जलधारा समाप्त न हो इस हेतु ठोस कार्यवाही करनी चाहिए तथा इस नदी पर आश्रित गांवों के वाशिंदों के लिए पेयजल व अन्य संसाधनों पर भी सरकार का ध्यान अपेक्षित है।



–पद्मश्री उमाशंकर पांडेय

## सार-संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाई, हालत गंभीर

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी राममनोहर (23) पुत्र रामराज ने रविवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर घुस गया। पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला मौके पर पहुंचे घरवालो ने फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। है ।

### युवक के शव की हुई शिनाख्त

**बांदा।** एफसीआई गोदाम के पास लू लगने से अज्ञात 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे छोटे भाई राजकुमार ने शव की शिनाख्त राजू वर्मा निवासी देवीनगर नरैनी के रूप में किया। राजकुमार का कहना है कि राजू प्राइवेट बसो की सफाई करता था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### बालक के गले में फंदा कसा, भर्ती

**बबेरू।** हरदौली गांव निवासी 7 वर्षीय कोमल पुत्र अमर रविवार की दोपहर घर पर झूल झूल रहा था। अचानक रस्सी का फंदा उसके गले में कस गया। जिससे वह अचेत हो गया। परिजनो ने देखा तो उसे तत्काल फंदा काट कर नीचे उतार लिया।

### तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** मटौध थाना के बसहरी गांव निवासी मानसी (19) पुत्री गोरेलाल ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। सैमरा गांव निवासी सुशील (25) पत्नी राजेंद्र ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।गिरवां थाना क्षेत्र के हुसैन पुर कला गांव मे प्रकाश कुमारी (23) पत्नी बब्लू ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गर्मी और लू से होमगार्ड सहित दो लोगों की मौत

## जिला अस्पताल में प्रतिदिन भर्ती हो रहे पीड़ित, लोग बचाव में कर रहे तरह-तरह के उपाय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नौतपा के आखिरी दिन अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से होमगार्ड सहित दो लोगों की मौत हो गई।

गर्मी व लू से मरने वालों में चुनाव ड्यूटी से वापस ललितपुर जाते समय होमगार्ड भरोसे लाल (56) शामिल है। इसी तरह लवकुशनगर के ग्राम दिदवारा निवासी कल्लू (48) की गर्मी से हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सुबह आठ बजे से ही धूप अपने तेवर दिखाना शुरू कर देती है। करीब दस बजे से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। लोगों का कहना है कि इससे पहले लगातार इतने दिन कभी गर्मी और तेज धूप नहीं पड़ी। वहीं लू के थपेड़े भी जानलेवा साबित हो रहे हैं। गर्मी कम न होने से प्रतिदिन जिला अस्पताल में लू और गर्मी से पीड़ित मरीज भर्ती हो रहे हैं। इनमें से कुछ लोग लू लगने और भीषण गर्मी की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा गए हैं। हालांकि अब लोग तेज धूप और गर्मी से बचाव के लिए तरह तरह के जतन करने लगे है, इसके बाद भी लू से मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है।

माह मई में नौतपे के दौरान हर साल गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच जाती है। इस साल भी गर्मी और तेज धूप अपने तेवर दिखाने में पीछे नहीं है, लेकिन इस साल की गर्मी जानलेवा बन गई है। गर्मी में आम आदमी को झकझोर कर रख दिया है। सबसे ज्यादा गर्मी के मौसम में घरों से निकलकर मजदूरी करने वाले और तेज धूप के बीच खुले आसमान के नीचे फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों व आटो रिक्शा चलाने वालों की शामत आ गई है, जहां तेज धूप और लू से बचने के लिए लोग घरों में कैद रहते हैं।

वहीं रोज कमाने और रोज खाने वाले भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच काम पर जाने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें गर्म हवाओं और गर्मी का शिकार होना पड़ रहा है।


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### आज से 6 जून तक पड़ेगी तेज गर्मी और चलेगी लू

**महोबा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा 3 से 6 जून तक जनपद में लू चलने की जानकारी दी है। प्रशासन द्वारा जनसाधारण को मौसम के बढ़ते तापमान को देखते हुए जागरूक एवं बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। कहा कि इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें। कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें। प्यास न लगे तो भी पानी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें।

### एडीएम ने बताए बचाव के उपाय

अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें, शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें ओर गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे। शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे, इससे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर होने की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें। कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें, जिससे हवा का आना-जाना बना रहे। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। खिड़की को रिफलेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें।

### पशु-पक्षी भी सुरक्षित नहीं

इस साल की गर्मी इंसानों के साथ साथ पशु पक्षियों के लिए जानलेवा बन गई है। आसमान से बरस रही आग की चपेट में आने से आएदिन पक्षी नीचे गिरकर मौत की नींद सो रहे हैं, वहीं खानपान की तलाश में जंगलों और तालाबों, नदियों के किनारे भटक रहे अन्ना मवेशियों की भी मौत हो रही है। इस साल की गर्मी में पशु पक्षी भी सुरक्षित नहीं है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा इंसानों के बचाव के लिए साथ पक्षी पक्षियों के बचाव के लिए भी प्रयास किए जा रहे है और पशुपालकों को भी पशुओं को धूप में बाहर न छोड़ने, पशुवाडे में अंदर छाए में बांधने की सलाह दी जा रही है, लेकिन अन्नामवेशी खुलेआम जंगलों और सड़कों पर भटककर दम तोड़ रहे है।



दुकानदार के मटके में ठंडा पानी भरते नगर पालिका के कर्मचारी। अमृत विचार

# दुकान पहुंच पिला रहे पानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पालिका की पहल से ग्राहकों का भी हो रहा गला तर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते जिले में पानी का संकट बढ जाने से पालिका प्रशासन ने डोर टू डोर दुकानदारों को पानी पिलाने के लिए नगर पालिका ने अभियान छेड़ा है। लोडर पर पानी की बडी टंकी रखकर डिब्बों और मटकों पर पानी भरा जा रहा है, जिससे गर्मी में दुकानदारों व अन्य लोगों को ठंडा पानी मिल सके। इसी तरह जगह-जगह पौशालाएं खोलकर ठंडा पानी राहगीरों को पिला रहे हैं।

भीषण गर्मी के चलते आजकल पानी को लेकर हायतौबा मची हुई है। चौबीस घंटे में मात्र आधा घंट पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे पानी का संकट बढ़ गया है। प्यास बुझाने के लिए लोग फिल्टर प्लांट से पानी की डिब्बे खरीदकर पानी पी रहे हैं। इसे देखते हुए पालिका प्रशासन ने इस साल नई पहल शुरू करके डोर टू डोर ठंडा पानी मयस्सर कराने की कवायद तेज कर दी है। जिसके चलते बाजार में दुकानदारों के पानी के डिब्बे और मटके भरे जा रहे हैं, जिससे दुकानदारों की अब दुकान पर बैठे प्यास बुझ रही है साथ ही दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी अब ठंडा पानी मिल रहा है।

प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी करके लोगों को भर पेट पानी पीने की सलाह दी जा ही है। प्यास न लगने पर भी पानी पीने पर जोर दिया जा रहा है। उधर पालिका ने भी डोर डू डोर पानी मयस्सर कराने की शुरूआत कर दी है।


धरना देते भारतीय किसान यूनियन हलधर के पदाधिकारी। अमृत विचार

# किसानों ने दिया क्रय केंद्र पर धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पकड़ी थी किसान की हजारों क्विंटल मसूर

**अमृत विचार।** किसानों का उत्पीड़न किए जाने से नाराज भारतीय हलधर किसान यूनियन ने अजनर की पीसीएफ केंद्र परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध किया साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो किसान आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए विवश हो जाएगा। किसानों के धरना-प्रदर्शन की खबर लगते ही पीसीएफ केंद्र अजनर पहुंचे नायब तहसीलदार पंकज गौतम ने जांच की। जांच के दौरान मौके पर हजारो क्विंटल मसूर बिना कागजात के पाई गई। विक्रेताओं के पास कोई खसरा खतौनी और दस्तावेज नहीं मिले।

गौरतलब है कि किसानों का माल खरीदने पर गल्ला अढती एक क्विंटल में पांच किग्रा अनाज पानी पिलाने वाली महिलाओं और पल्लेदारों के नाम पर लिया जा रहा है। इसके विरोध में भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों ने पीसीएफ केंद्र अजनर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों का उत्पीड़ बंद नहीं किया गया तो किसान आरपार की लड़ाई लड़ेगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गल्ला अढ़तियों द्वारा किसानों का खुलेआम उत्पीड़न किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ किसानों के अलावा व्यापारियों का माल पीसीएफ केंद्र में खरीदा जा रहा है, जिसके न तो दस्तावेज देखे जाते और न ही खसरा खतौनी की छायाप्रति ली जाती है और उनका माल खरीद लिया जाता है, जिससे किसानों को अपना माल बेचने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

बताया कि व्यापारियों का खाद्यान्न खरीदने से ही लक्ष्य पूरा हो जाने पर किसान अपना माल बेचने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। किसान नेताओं ने पीसीएफ केंद्र में बिना दस्तावेज के पकड़ी गई मसूर को जब्ज किए जाने की मांग करने के साथ साथ पीसीएफ केंद्र प्रभारी और दलालों के ऊपर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है, जिससे भविष्य में इस तरह की पुर्नावृत्ति न हो सके। धरने में बृजेंद्र तिवारी, रामसिंह यादव, प्रमोद राजपूत, जीवन नायक, धर्मेश नायक, अनिल प्रताप सिंह, शिवम चंदेल, वीरबहादुर सिंह, प्रेमचंद्र सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# रहुनिया मार्ग का निर्माण न होने से पैदल चलना हुआ दुश्वार

संवाददाता, खन्ना महोबा

- सड़क पर पानी भर जाने से आएदिन लोग गिरकर होते हैं चुटहिल

**अमृत विचार।** थाना खन्ना के रहुनिया मोहल्ले की सड़क का हाल बद से बदतर हो गया है। इस सड़क से सबसे ज्यादा ग्रामीणों की आवाजाही रहती है। इस मार्ग में नाले नालियों का गंदा पानी हमेशा बहता रहता है, जिससे लोगों का वाहन से चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल होता है। मार्ग पर कीचड़ के चलते लो आएदिन गिरकर चुटहिल होते रहे हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस सड़क का निर्माण कराने में कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। पूर्व ग्राम प्रधान सहित तमाम ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की है।


इसी रास्ते से गुजरते ग्रामीण। अमृत विचार

पूर्व ग्राम प्रधान राजबहादुर बनाफर ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि खन्ना की एक दो सड़को को छोड़कर अन्य सड़कों का नामोनिशान ही नहीं बचा है। मोहल्ला रहुनिया के मुख्य मार्ग का हाल से सबसे ज्यादा बेहाल बना हुआ है, सड़क टूटकर पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, ग्रामीणों को थोड़ी दूरी तय करने में भी अधिक समय लग जाता है। बताया कि सड़क पर कदम कदम पर गहरे गहरे गड्ढो हो जाने और उन पर नाले नालियों का पानी भर जाने से वाहन चालक इन गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं और गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। इस मार्ग में हमेशा कीचड़ होने के कारण ग्रामीण इस मार्ग से अहिस्ता अहिस्ता बचते हुए निकलते है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से लोगों की सबसे ज्यादा आवाजाही होती है। इसी मार्ग पर संत ब्रह्मचारी जी की कटी भी है, जहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सालों से इस मार्ग का यही हाल देखते आ रहे हैं। कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर इस मार्ग को बनवाए जाने की मांग उठाई गई थी, लेकिन आज तक इस मार्ग को जीर्णोद्धार नहीं हुआ।

बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के मौसम में होती है, नाले नालियों चोक होने के कारण यह सड़क पूरी तरह पानी से भर जाती है, जिससे लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ती है। पूर्व प्रधान सहित तमाम ग्रामीणों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए इन मार्ग को बरसात से पहले बनवाए जाने की मांग की है।

## मकान से चोरी

**महोबा।** थाना पनवाड़ी के ग्राम छातेसर में चोरों ने एक मकान के एंगल टीनशेड की चोरी कर ली और फरार हो गए। जिसकी कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। ग्रामीण ने घटना की तहरीर थाना पनवाड़ी में दे दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस छानबीन करने में जुट गई है।

ग्राम छतेसर निवासी चंद्र मोहन पुत्र राम शंकर तिवारी ने थाना पनवाड़ी में दी तहरीर में बताया कि उसने अपने खेत पर एक बड़ा हाल का निर्माण कराया था। उसकी छत टीनशेड एवं एंगल से निर्मित कराई थी। वह अपने घर में रहता था। आजकल खेतों में सन्नाटा होने के कारण चोरों ने टीन शेड एंगल चोरी कर फरार हो गए। गृह स्वामी ने थाना पनवाड़ी में तहरीर दी है।

# सार्वजनिक स्थानों से हटाई गईं होर्डिंग्स

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पालिका ने तेज आंधी से जनहानि बचाने के लिए की कार्रवाई

**अमृत विचार।** तेज हवाओं और आंधी के चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थनों पर लगे होर्डिंग से किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो सके इसके लिए रविवार को होर्डिंग, फ्लैक्स बोर्ड हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका की टीम शहर में प्रमुख चौराहो में लगे बड़े-छोटे सभी प्रकार के होर्डिंगों को उतारकर वाहनों में रखकर उन्हें पालिका परिसर में रखवाया गया।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर के तहसील चौराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक, परमानन्द चौक, झलकारीबाई तिराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा, हमीरपुर चुंगी, मिशन राठ चौराहा सहित तमाम सार्वजनिक स्थलों में कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव की देखरेख में प्रभारी सफाई रामसेवक, भूपेन्द्र कुमार ने पालिका कर्मियों के सहयोग से नगर पालिका टीम ने लगी हुई होर्डिंग को हटाया गया, जिससे तेज हवाओं के चलने के कारण होर्डिंग से अप्रिय घटना घटित न हो सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शहर में अवैध रूप से लगाए गए पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स बोर्ड व होर्डिंग्स हटाए जाने के लिए भी अभियान चलाने की रणनीति बनाई जा रही है। कहा कि तेज हवाओं और आंधी के कारण शहर के सार्वजनिक स्थानों पर लगी होर्डिंगों से किसी प्रकार का नुकसान हो सके इसके लिए पालिका की टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर बाजार में होर्डिंग्स को उतारा जा रह है।



आल्हा चौक पर लगी हार्डिंग हटाती पालिका की टीम। अमृत विचार

समस्या | मुख्य बाजार से निकले नाले का पानी बारिश के दौरान दुकानों में घुसता

# नाला गंदगी से पटा, सफाई के लिए दुकानदार परेशान

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

**अमृत विचार।** पनवाड़ी के मुख्य बाजार से निकले नाले की साफ सफाई न होने से बारिश को लेकर गांव के लोग खासे चिंतित हैं। थोड़ी सी बारिश होने पर दुकानदार सहम जाते हैं। मैन बाजार पनवाड़ी में गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले की सफाई की शुरूआत अभी तक नहीं करायी गई है। जिससे बारिश अनकरीब देखकर मैन बाजार पनवाड़ी के दुकानदारों की धड़कने बढ़ती जा रही है। पानी की निकासी के लिए बने नालें की सफाई न होने के कारण कस्बे के मैन बाजार में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं, बावजूद इसके ग्राम पंचायत कोई ध्यान नहीं दे रही है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पनवाड़ी के मैन बाजार से निकले नाले की सफाई न होने सें बरसात के दौरान जलभराव होने के कारण नाले का पानी बाजार में स्थित परचून की दुकान, रेडीमेड सेंटर, जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर आदि विभिन्न दुकानों में पानी घुस जाने से दुकानदारों का लाखों का सामान गंदे पानी से बर्बाद हो जाता है।


गंदगी से पटा नाला। अमृत विचार

### शीघ्र किया जाएगा समस्या का समाधान

जिला पंचायत राज अधिकारी चंदकिशोर वर्मा से जब इस संबंध में कहा कि संबंधित एडीओं पंचायत को निर्देशित किया गया है कि बारिश के पूर्व नालें की साफ सफाई करवा के शीघ्र ही दुकानदारों एवं ग्रामीणों की समस्या का समाधान करें। अगर संबंधित लापरवाही बरसते हैं तो विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीपीआरओ द्वारा बाजार में स्थित दुकानदारों एवं ग्रामीणों से अपील की गई कि वह भी स्वच्छता का ध्यान रखें और कूड़ा-कचरा नाले में ना डालें।

दुकानदारों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा पीड़ित दुकानदारों को सहयोग करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक किसी भी दुकानदार का सहयोग नहीं किया गया। चेतावनी देते हुए दुकानदारों ने कहा है कि यदि बरसात के पूर्व नाला की सफाई नहीं होती है तों मजबूरन उनको एकत्रित होकर आंदोलन करना पड़ेगा।

## लोगों का कथन

### हर साल दुकानों में पानी भरने से होती बर्बादी



रेडीमेट कपड़ा दुकानदार मोहम्मद मुर्तजा ने बताया कि उनकी रेडीमेड कपड़ों की दुकान नाले के समीप ही स्थित है। विगत वर्ष दुकान में पानी घुस जाने के कारण उनका लगभग एक लाख रूपये का नुकसान हो गया था। परिवार का भरण-पोषण करने का एक मात्र साधन सिर्फ यह दुकान ही है। आगे मुर्तजा ने कहा कि अगर समय रहतें नाला की सफाई नहीं हुई तो मजबूरन उनको अपनी दुकान खाली करनी पड़ेगी।

### शीघ्र समस्या का हो समाधान



परचून दुकानदार प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनकी परचून की दुकान है। पिछलें वर्ष हुई बरसात में नाला का पानी ओवर होने के कारण उनकी दुकान में घुस गया था जिससें दुकान में रखा लगभग 70 प्रतिशत सामान खराब हो गया था। दुकानदार ने बताया कि संबंधित जिम्मेदार शीघ्र अति शीघ्र इस गंभीर समस्या का समाधान करवा दें नहीं तो पुन: आर्थिक हानि से गुजरना पड़ेगा।

### पिछले साल बारिश कहर बनकर टूटी



मैन बाजार में मिठाई एवं कोल्ड ड्रिंक की दुकान रखें बुजुर्ग रामेश्वर अग्रवाल उर्फ गप्पू सेठ नें बताया कि पिछले वर्ष हुई बारिश उन पर कहर बनकर टूटी थी। दुकान में पानी घुस जाने सें रखें दो बड़े फ्रिज, दुकान में लगी टीवी, अनेक प्रकार की मिठाइयों सहित उनका बहुत नुकसान हो गया था। बुजुर्ग ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि जिम्मेदार शीघ्र ही बरसात के पूर्व नाला सफाई अवश्य करवा दे ताकि हमें इस समस्या से दोबारा ना जूझना ना पड़े।


रेलवे ट्रैक पर लगी पुलिस और ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# ट्रैक पार करते समय ग्रामीण ट्रेन से कटा

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

- झांसी-महोबा रेल लाइन पर किसानों ने देखा शव

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र में झांसी-महोबा रेल लाइन पर एक ग्रामीण की ट्रेन के कटकर मौत हो गई। रविवार को जब कुछ किसान खेतों पर जा रहे थे। तभी रेवले ट्रैक पर शव देख उनके होश उड़ गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव की शिनाख्त करते हुए मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जाता है कि कोतवाली कुलपहाड़ के नत्थू का खुड़ा निवासी देशराज (52) पुत्र मुन्नीलाल रविवार की सुबह अपने खेत जा रहा था, तभी पास से निकली रेल लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसी गांव के कुछ ग्रामीण खेतों में जा रहे थे तभी रेलवे पटरी पर एक शव पड़ा देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त देशराज के रुप में करते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और शव की हालत देख रोने पीटने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक देशराज छह बीघा जमीनका कास्ताकार था और खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण करता था। बताया कि मृतक अपने पीछे मां कुसुम देवी, पत्नी मुन्नीदेवी दो पुत्र रघुवीर (25), शैलेंद्र (20) व एक पुत्री रजनी को रोता बिलखता छोड़ गया है। अब मृतक की पत्नी को बेटी की शादी और परिजनों का भरण पोषण की चिंता सताने लगी है। उधर पुलिस क साथ पहुंची फारेसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# नालों की सफाई में हो रही लापरवाही बारिश में शहर को पड़ सकती 'भारी'

## 15 दिन बाद दस्तक दे सकता है मानसून, कई नाले अभी तक नहीं हो सके साफ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** इस बार 15 से 22 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। इसके बावजूद पालिका प्रशासन मुख्य नालों की सफाई शुरू नहीं करा सकी है। नालों के सिल्ट सफाई के लिए न तो टीम गठित हुई और न ही अभी कोई अभियान शुरू किया गया है।

एक दो जगहों पर शिकायत के बाद जेसीबी से नाले से कचरा जरूर निकाल गया है। यदि यही हाल रहा तो बारिश में शहर की करीब 70 हजार की आबादी को जलभराव के संकट से जूझना पड़ सकता है। शहरी क्षेत्र की जल निकासी के लिए मुख्य नालों का निर्माण करीब 10 किमी लंबाई में किया गया है। हर बार बारिश शुरू होने से पहले इन नालों से सिल्ट की सफाई कराई जाती है। इसके लिए पांच से 10 लाख का टेंडर होता रहा है। मजदूरों की टीम बुलाकर महीने भर तक सफाई अभियान चलाकर नालों को साफ किया जाता है। ताकि मानसून आने पर जल निकासी में किसी प्रकार का अवरोध न हो। मगर, पिछले दो साल से नालों के सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया नहीं की गई है। शहर में प्रधान डाकघर से विवेक नगर व आदर्श नगर मोहल्लों में मुख्य नाले की दशा दयनीय हो चुकी है।

काफी दिनों से सफाई न होने के कारण नाला सिल्ट से भर गया है। कई जगहों पर पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। कांशीराम कॉलोनी में जलभराव का संकट पूरे साल बना रहता है। जेल तालाब में नाले का पानी अभी से जाम है। वहीं रहुनियां धर्मशाला, पटकाना मोहल्ला में बारिश के दौरान एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की जल निकासी का भार संभालने में यह मुख्य नाला अक्षम साबित हो जाएगा।



गंदगी व कूड़े से पटा नाला। अमृत विचार

### नाले को ढकना जरूरी

शहर के पटकाना मोहल्ला निवासी राकेश गुप्ता ने बताया कि आबादी के बीच से निकले मुख्य नाले को अभी तक ढकने की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी है। वहीं कई सालों से सफाई न होने से गंदगी से पटा है। अंधेरे के समय इसमें गिरने का खतरा बना रहता है।

### मानसून के पहले हो सफाई

रमेड़ी मोहल्ला निवासी अरविंद द्विवेदी कहते हैं कि मानसून आने में 15 दिन ही बचे हैं। ऐसे में मानसून आने पर शहर की जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है।

### गंदगी से रुक गया पानी का बहाव

शहर के आदर्श नगर मोहल्ला निवासी संतोष ने बताया कि सिल्ट और कचरा जमा होने से जगह-जगह नालों में पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। इससे बदबू अलग उठ रही है।

'संक्रमण फैलने का भी खतरा है। अभी नाला सफाई के लिए कोई टेंडर नहीं कराए गए हैं। चुनाव में मतगणना के बाद नालों की साफ सफाई कराई जाएगी।

हेमराज, ईओ सदर

## ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए पॉवर हाउस में लगाए गए कूलर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** आसमान से बरस रही आग से विद्युत सब स्टेशन में फीडरों को आपूर्ति देने के लिए ट्रांसफार्मरों को कूलर से हवा देकर ठंडा करके आपूर्ति दी जा रही है।

नौतपा में गर्मी पूरे शवाब पर है। आए दिन विद्युत उपकरण धड़ाम हो रहे हैं। इससे विद्युत अधिकारी हलाकान हैं। कस्बे के विद्युत वितरण उपखंड सब स्टेशन के फीडरों को आपूर्ति देने के लिए 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर खुले आसमान में रखे हैं।

आसमान से आग बरसने पर इन्हें हीट से बचाने के लिए विभाग ने बाजार से कूलर मंगवाकर ट्रांसफार्मरों को ठंडी हवा देनी शुरू की है। ताकि गर्मी के असर से इन ट्रांसफॉर्मरों को हीट होने से बचाया जा सके। विद्युत वितरण सब स्टेशन के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि आसमानी आफत से उपकरणों को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह का व्यवधान न पैदा हो सके। इसका कारण है कि अधिक हीट होने पर यह पॉवर ट्रांसफार्मर ट्रिप हो सकते हैं। जिसकी वजह से बिजली गुल होने की संभावना हो सकती है।



बिना टोंटी के बहता पीने का पानी। अमृत विचार

## बिना टोंटी लगाए दे दिए कनेक्शन, बह रहा पानी

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ने हर घर नल से जल तो पहुंचा दिया, लेकिन ग्रामीण उसका दुरुपयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कस्बे में ऐसे सैंकड़ों परिवार हैं जिनके घर नल तो लगा है, लेकिन नल में टोंटी नहीं है। जिस वजह से पेयजल सप्लाई के वक्त पीने का पानी बर्बाद होकर नालियों में बहता रहता है।

देखा जाए तो देश के कई हिस्सों में पानी के लिए त्राहि त्राहि है। वहीं कस्बे में बिना टोंटी के नलों से पेयजल नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है और जल संस्थान यह सब देखकर चुप्पी साधे बैठा है। कस्बे के चार थोक मोहल्ले के ऊंचाई वाले हिस्से में रहने वाले रामअवतार शुक्ला ने बताया कि उनका घर ऊंचाई में होने से सप्लाई का पानी बिना टुल्लू पंप के नहीं पहुंचता। जिसका मुख्य कारण निचले हिस्सों में लोगों द्वारा नलों में टोंटी न लगाना है। जिसकी वजह से सप्लाई के वक्त बिना टोंटी के नलों से पानी बहकर बर्बाद होता रहता है, और लाइन का प्रेशर घट जाता है। जिस वजह से उनके घर तक पर्याप्त मात्रा में बिना टुल्लू पंप के पानी नहीं पहुंचता। इस समस्या से पिछले पांच सालों से जूझ रहे हैं। तो वहीं सिद्धगोपाल राजपूत ने कहा कि बिना टोंटी के नलों से पानी की हो रही बर्बादी आगे चलकर सभी ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जल संस्थान के कर्मचारियों से इस मामले में कई बार शिकायत की गई। पर जल संस्थान के कर्मचारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे।

## खर्च हो गए दो करोड़ नहीं बुझ रही प्यास

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** दो करोड़ रुपये का बजट खर्च करके पेयजल आपूर्ति के लिए कस्बे के इमिलिया थोक में लगा नलकूप बिजली विभाग की उदासीनता के चलते सफेद हाथी बनकर रह गया है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए हलाकान होना पड़ रहा हैं।

कस्बे के पेयजल संकट को दूर करने के लिए नगर पंचायत ने दो करोड़ रुपये का बजट जल संस्थान को देकर कस्बे के वार्ड संख्या दो इमिलिया थोक, वार्ड संख्या 6 कपड़िया मोहल्ला तथा वार्ड संख्या 16 गुरगुज में नलकूप लगाए हैं। जल संस्थान की तरफ से सभी कार्य पूर्ण करा दिया गया है, आपूर्ति के लिए पाइप लाइन भी बिछ गई है। लेकिन बिजली विभाग इन नलकूपों को कनेक्शन देने में पीछे है। इससे जलापूर्ति नहीं शुरू हो सकी है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने बताया कि नलकूपों में विद्युत कनेक्शन के लिए विभाग द्वारा तैयार कराये गये इस्टीमेट अनुसार धनराशि भी जमा कर चुके हैं। इसके बाद भी विद्युत विभाग कनेक्शन देने में आनाकानी कर रहा है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या दो अमिलिया तथा वार्ड 6 के नलकूप की सोमवार से लाइन बनाने का कार्य शुरू होगा।

## पुत्री की मौत पर मां ने पिता के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाने के सरीला कस्बे में एक छात्रा द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या के मामले में छात्रा की मां ने अपने पति को पुत्री की मौत का जिम्मेदार मानते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सरीला कस्बे के मांझखोर निवासी नीतू उपाध्याय ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति श्यामजी उपाध्याय पुत्र संतोष उपाध्याय शराब पीने का लती है। शराब पीने की लत को पूरा करने के लिए घर की वस्तुएं और उसके सभी जेवरात भी बेच दिये हैं। बताया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन उसे और उसके बच्चों के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता था। उसे और उसके बच्चों को घर पर बाहर भी निकाल देता था। बताया कि वह गाय भैंस रख कर एवं उसका दूध बेचकर अपने बच्चों का भरण पोषण करती है। बताया कि उसकी बड़ी पुत्री अनामिका पढ़ने में काफी होनहार थी। जिसने इंटरमीडिएट की परीक्षा बहुत अच्छे अंकों के साथ पास की थी। उसकी पुत्री अनामिका आगे पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहती थी। लेकिन उसका शराबी पति उसकी पुत्री अनामिका से मजदूरी करना चाहता था और उसकी पढ़ाई लिखाई पर भी पाबंदी लगा रखी थी। बेटी की पढ़ाई के लिए रखे पैसों से उसका पति शराब पी जाता था। पुत्री की पढ़ाई के लिए जो रुपये लाती थी वह भी उ उससे छीन लेता था।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव के मजरा बहमनपुर गांव में आवासों का सत्यापन करने गए खंड विकास अधिकारी के साथ लाभार्थी के पति द्वारा अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर थाने में तहरीर दी है।

खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार को वह ग्राम पंचायत कुतुबपुर के मजरा बहमनपुर गांव में आवासों का सत्यापन करने गए थे। जहां 2022-23 के पीएम आवास के लाभार्थी गुड़िया पत्नी जगदीश का आवास अधूरा होने पर उसको पूर्ण करने के लिए कहा तो लाभार्थी का पति जगदीश अभद्रता करने लगा। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है।

## मन पर नियंत्रण से बढ़ता आत्मसंयम

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पंधरी गांव में आर्य समाज ने दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसमें हवन यज्ञ व प्रवचन के माध्यम से विश्व कल्याण की कामना की गई।

रविवार को प्रातः: यज्ञ में मध्य प्रदेश नर्मदापुरम से आए आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने वेद मंत्रों से आहुतियां दिलाई और गुरुकुल में अध्ययन कर रहीं कस्बे की तीन बेटियों ने वेद पाठ किया। फरीदाबाद से आए पं. प्रदीप शास्त्री ने मधुर भजनों से सबका मन मोह लिया । उन्होंने साधना में आत्मसंयम, आत्मज्ञान,आत्मबल, आत्मविश्वास इन चार शब्दों की शास्त्रीय व्याख्या की । अपनी इंद्रियों व मन पर नियंत्रण होने से हमारा आत्म संयम हो जाता है इसके बाद स्वाध्याय से हमारा ज्ञान बढ़ता है फिर हमारी सांसारिक रुचि कम होकर आत्मा का बल बढ़ाने से कठिन व संघर्ष के दुःख समस्याएं हमको पर्वतवत होने पर भी राई जैसी प्रतीत होती है। परिणाम स्वरूप आत्म विश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। जिस कार्य को करने में सांसारिक व्यक्ति को असंभव लगता है। साधक विश्वास से अलंकृत हो उसे सहज ही करने लगता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपने ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में इसका विस्तार से वर्णन किया है। आयोजक विवेक आर्य ने आभार व्यक्त किया और आगामी चार दिनों के उत्सव की जानकारी दी।



पंधरी गांव में हवन पूजन करते आर्य समाज के लोग। अमृत विचार

● हवन यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण की कामना की

## अवैध कटान की शिकायतों के बाद विभाग का सख्त रुख

संवाददाता,सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लकड़ी की अवैध कटान की शिकायतों पर विभाग अब सख्त हो गया है। प्रभागीय वन अधिकारी ने रेंज अफसर को बिना सत्यापन के लकड़ी का कटान व खरीद फरोख्त पर रोक लगाने की निर्देश दिए हैं।

रेंज अधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि विभागीय अफसर के निर्देश पर छापामारी की जा रही है। अवैध लकड़ी कटान पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। रविवार को गोहाण्ड, इस्लामपुर, चिकासी, उमरिया सहित आधा दर्जन से अधिक स्थान पर छापामारी की गयी। गोहांड में एक स्थान पर लकड़ी का डंप पाया गया जिस पर वहां के संचालक को नोटिस दी गयी है। बताया कि जब तक लकड़ी का सत्यापन नहीं हो जाता उसकी कटान नहीं होगी। न उसे खरीदा बेचा जाएगा अगर कहीं ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी के दौरान डिप्टी रेंजर सुरजीत सिंह, वन दरोगा तौहीद अहमद सहित विभागीय टीम मौजूद रही।



लकड़ी का सत्यापन करते विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

## पुरानी रंजिश में घर में घुसकर की मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के इटाइल गांव में बीती रात दो पक्षों के बीच पनपी पुरानी रंजिश के चलते जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। बतादें कि बीते 3 दिन पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

इटाइल गांव निवासी मुन्ना ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार की शाम वह पूजा करके परिवार के सदस्यों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के लगभग आधा दर्जन लोग पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुस आए और लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। उसके साथ मारपीट होती देख कर जब उसका भतीजा निरपत पुत्र दुलीचंद व सीमा पत्नी खूबचंद्र व परिवार के अन्य सदस्य उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपियों ने उसके भतीजे निरपत और बहू सीमा के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है।



अस्पताल में मेडिकल कराने आए तीनों घायल। अमृत विचार

## स्वास्थ्य मेले में 128 मरीजों का उपचार

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 128 मरीजों का उपचार किया गया।

स्थानीय सीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 128 मरीजों का ओपीडी में उपचार किया गया। जिसमें 24 लोगों की जांच की गई। 09 बीपी व 10 सुगर की जांचे की गई। जबकि मलेरिया बुखार आदि के अन्य मरीज़ों का उपचार किया गया। क्षेत्र में बढ़ते तापमान के चलते डायरिया के मरीजों की संख्या में कमी नहीं हो रही है। सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने लू से बचाव के लिए मरीजों को बताया कि ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। हल्के और ढीले कपड़े पहने।

## बेकाबू ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, युवक घायल

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे 34 में पशु बाजार के निकट रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। उसके पलटने से सड़क किनारे गन्ने का रस बेच रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक व चालक को राहगीरों ने पेट्रोल पंप के समीप पकड़कर पुलिस की सुपुर्द किया है।

रविवार को दोपहर करीब 1:00 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने पशु बाजार के समीप ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और हाईवे किनारे गन्ना का रस बेच रहा कुंडौरा निवासी मोहित (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में ऑटो चालक बाल बाल बच गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक चालक को लोगों ने पेट्रोल पंप के समीप जाकर दबोच कर पुलिस हवाले कर दिया।



हाईवे किनारे पलटा पड़ा ऑटो।



खड्ड में पलटा पड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली। अमृत विचार

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, पिता-पुत्र घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे से वापस लौटकर बिरखेरा जा रहा ट्रैक्टर ट्रॉली पारा विद्युत सब स्टेशन के आगे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इस घटना में पिता पुत्र घायल हो गए। पुत्र का पैर टूटने पर सदर अस्पताल ले जाया गया है। बिरखेरा निवासी शंकर वाल्मीकि (45) अपने पुत्र कल्लू वाल्मीकि (16) के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कस्बे में आया था। सुबह करीब 9 बजे वह ट्रैक्टर लेकर गांव लौट रहे थे। तभी पारा विद्युत सब स्टेशन के आगे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इस घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए।

धर्म-अध्यात्म

मानव कल्याण एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संत निरंकारी मिशन लगातार कार्य कर रहा

## 'जीवन में विशालता लाने के लिए निरंकार को मन में बसाएं'

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के रमेड़ी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में कुशीनगर से आए ब्रह्मज्ञानी महात्मा सतीश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में आध्यात्मिक सत्संग हुआ। जिसमें सैकड़ों प्रेमियों मौजूद रहे।

महात्मा ने कहा कि निरंकार का वास जब मन के भीतर होगा तब मां का विकास होगा, फिर भक्ति में जीवन जिया जाएगा। जिस प्रकार नदियां समुद्र में मिल जाती हैं तभी विशालता का रूप धारण करती हैं। ऐसे ही जीवन में विशालता लाने के लिए विशाल निरंकार को मन में बसाना होगा। कहा कि इस दयालु परम पिता परमात्मा ने अत्यंत कृपा करके हमें यह मनुष्य योनि दी है। इन्होंने हम सबको संसार में खुशी, नेकी, दया, ममता, करुणा बांटने की अद्भुत शक्ति प्रदान की है दूसरों को चैन देना है। हमें बनना है तो मरहम बनना है, हमें कहीं भी किसी दूसरे को पीड़ा नहीं देनी, किसी को जख्म नहीं देना हैं। संतों भक्तों की हमेशा यही अवस्था रही है।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव कल्याण एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। समय-समय पर देश भर में रक्तदान, वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक का उपयोग न करने जैसे अभियानों की पहल की गई है। सत्संग में हमीरपुर के साथ ककरऊ, हमीरामऊ, कलौलीतीर एवं अन्य स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन जगदीश शंकर ने किया एवं अभिनेष, नीरज, सुनील कुमार, डॉ अवधेश मिश्रा, संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी, बहन निधि, बहन उर्मिला द्विवेदी ने गीत एवं विचारों के जरिए भाव व्यक्त किए।



प्रवचन करते सतीश चंद्र दुबे।



प्रवचन सुनते भक्त। अमृत विचार

## भमौरा गांव के जंगल में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर बुझाई

संवाददाता,मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भमौरा गांव के निकट जंगल में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

भमौरा गांव के बाहर से जंगल लगा हुआ है। उसी के पास आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। रविवार को दोपहर में जंगल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। धीरे धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब आग आंगनबाड़ी केंद्र के पास तक पहुंच गई धुंआ व आग की लपटों को देखकर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को फोन से सूचना दी।

मौदहा अग्निशमन दल के हेड चंद्रभान ने बताया कि अपनी मेड़ के झाखर की सफाई के लिए रविवार की सुबह एक किसान ने आग लगाई थी। यह आग जंगल में फैल गई। जो गांव के पास तक पहुंच गई। गांव के निकट ही आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। केंद्र बंद था। सूचना पर मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से जंगली बबूल के साथ पेड़ पौधे जल गए।



भमौरा गांव में जंगल में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मी। अमृत विचार

# गर्मी से वृद्ध की मौत, तापमान में मामूली गिरावट

## मौसम की मार : दिनभर गर्मी से परेशान रहे लोग, बाजार, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, उरई

- रविवार को 47.8 डिग्री दर्ज किया गया अधिकतम तापमान
- गर्मी के चलते अस्पतालों में बढ़े मरीज



अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में गर्मी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार देर शाम आंधी बारिश के बाद कुछ राहत मिली लेकिन रविवार सुबह फिर से गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। हालांकि शनिवार की आपेक्षा रविवार को अधिकतम तापमान में करीब 0.5 डिग्री की कमी रही लेकिन गर्मी का असर कम नहीं हुआ।

सुबह 10 बजे से ही तेज धूप ने लोगों का घरों से निकलना मुहाल कर दिया। दोपहर होते-होते गर्मी के चलते बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री दर्ज किया गया जबकि शनिवार को 48.2 डिग्री था। वहीं गर्मी के चलते लोगों की मौतों का भी सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा।

रविवार को भी एक वृद्ध की गर्मी से मौत हो गई। वहीं भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में डायरिया व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। जालौन कोतवाली कस्बे के लोना रोड पर एक दुकान के बैठे-बैठे अचानक एक वृद्ध बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की पहचान मुन्नीलाल पुत्र प्रभु दयाल उम्र 60 वर्ष, निवासी घुआताल जालौन के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### गर्मी के चलते बढ़े डायरिया के मरीज

संवाददाता ,जालौन। गर्मी के चलते डायरिया, हैजा तथा बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इससे गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी सुविधा मुहैया न होने पर लोगों की जेब खाली हो रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की बल्ले बल्ले हो रही है। प्रचंड गर्मी के चलते सबसे ज्यादा मामले डायरिया के आ रहे हैं, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द के अलावा लू लगने से बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। दिन में लोग अगर इस रोग से ग्रसित हो जाते हैं तो वह नजदीकी अस्पताल का सहारा ले लेते हैं लेकिन जब रात के दौरान लोग बीमार होते हैं तो झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाते हैं।

### बिजली कटौती कर रही परेशान

**जालौन।** प्रचंड गर्मी ने से लोग बेहाल हो रहे हैं। वहीं बिजली की आंख मिचौली लोगों को और परेशान कर रही है। भीषण तपन होने से लोगों को न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में। रात के समय बार-बार बिजली कटौती से लोगों की नींद खराब हो जाती है। इससे लोग खासे परेशान हैं। वहीं पशु पक्षी भी गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। 80 वर्षीय बुजुर्ग पूरन लाल कहते हैं कि मैंने अपने जीवन में इतनी प्रचंड गर्मी नहीं देखी, इतनी प्रचंड गर्मी होने के उपरांत भी बिजली की अत्यधिक कटौती हो रही है जिससे हर आदमी परेशान है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी का तीसरे दिन जारी रहा धरना

कार्यालय संवाददाता, उरई




धरने पर बैठी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी सरस्वती देवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विधायक निधि से हो रहे स्टेडियम निर्माण से आम रास्ता अवरुद्ध होने को लेकर शुक्रवार से धरने पर बैठी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी सरस्वती देवी का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामपाल मौर्य की सरस्वती देवी रविवारको भाकपा माले नेता कामरेड राम सिंह चौधरी, जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा, का. संतराम अहिरवार, इंकलाबी नौजवान सभा नगर अध्यक्ष कामरेड मुकेशचंद मौर्य अन्य साथियों सहित तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने में बैठे रहे।

अनशन में शामिल का. रामसिंह चौधरी ने बताया कि तहसील प्रशासन ने लिखित रूप से आश्वासन देते हुए कहा था कि न पिलर रहेंगे न कोई निर्माण कार्य अवैधानिक होगा। आम रास्ता में कोई भी अतिक्रमण नहीं किया जा सकता है। तहसील प्रशासन द्वारा लिखित रूप में आश्वासन के बाद भी निराकरण नहीं हुआ।

# पर्यावरण संरक्षण व शिक्षा पर दिया जोर

संवाददाता कालपी जालौन




गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

- मुस्लिम स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार।** शिक्षक हाफिज मोहम्मद अतहर बरकाती ने कहा कि समाज में शुद्ध वातावरण के लिए तथा धरती को हरा भरा करने के लिए पौधों को लगाना बहुत ही जरूरी है। इसलिए पौधा रोपण जैसे कार्यों के लिए नौजवानों तथा छात्रों को बाढ़-चलकर अपनी भागीदारी का निर्वाह करने के लिये तत्पर रहना चाहिए। रविवार को मुस्लिम स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन यूनिट कालपी के तत्वावधान में मदरसा साहिबुल बरकात उस्मानिया मस्जिद भट्टीपुरा कालपी में शिक्षा के उन्नयन तथा पर्यावरण के मुद्दों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इमाम हाफिज मुहम्मद अतहर बरकाती ने कहा कि संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे है। इसके लिए सभी लोग भागीदारी सुनिश्चित करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए शिक्षाविद मौलाना हसीन अलीमी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की तरक्की तथा खुशहाली के लिए शिक्षा बहुत ही आवश्यक है, इसलिए सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को बुनियादी शिक्षा दिलाकर शिक्षित एवं संस्कारवान बनाएं। कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद शान निजामी, हाफिज अब्दुल कादिर, बुजुर्ग समाजसेवी जब्बार खान, टीम यूनिट कालपी के सदस्यों अरबाज बरकाती, तोसीब बरकाती, जुनैद बरकाती, नजीब बाबाबरकाती, हमजा खान ,अर्सलान खान आदि के अलावा छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। मालूम हो कि मुस्लिम स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन संस्था की बुनियाद विख्यात दरगाह मारेहरा शरीफ़ के सज्जादा डॉक्टर सय्यद आमीन मियां बरकाती साहब के द्वारा की गई थी। यह संस्था पूरे भारत में अपने काम को अंजाम दे रही है शिक्षा, एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही है।

# मतगणना स्थल से 8 किमी क्षेत्र में नहीं होगी शराब की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, उरई(जालौन)

- मतगणना को लेकर डीएम ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार।** 4 जून 2024 को मतगणना के तहत शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके तहत यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन हो, उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किमी. क्षेत्र में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री नहीं की जाएगी।

जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घण्टे पूर्व तथा मतगणना दिवस को पूर्णतया बन्द रखे जाने का प्राविधान है। निर्वाचन के दौरान लोक शान्ति बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराये जाने के उददेश्य से मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व की अवधि से एवं मतगणना दिवस को जनपद की समस्त आबकारी दुकानों की बन्दी एवं बन्दी दिवसों में मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित, नियन्त्रित किया जाना है। जालौन में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर, थोक (एफएल-2, 2वी एवं सीएल-2) एवं अन्य समस्त आबकारी अनुज्ञापन निम्नानुसार बन्द रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस 04 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस तक जनपद जालौन में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर, थोक एवं अन्य समस्त अनुज्ञापन बंद रहेंगे। उपरोक्त बंदी के लिए आबकारी दुकानों के अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। उपरोक्तानुसार बन्दी आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** तीन सप्ताह पहले कालपी नगर के मोहल्ला उदनपुरा से किशोरी को भगा ले जाने के मामले में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। टरनंनगंज चौकी इंचार्ज एवं विवेचनाधिकारी अभिलाख सिंह ने बताया कि 11 मई 2024 को 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर एक व्यक्ति भाग ले गया था। किशोरी के पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में अपहरण की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी करके किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था तथा आरोपी शीलू पुत्र विजयपाल को यमुना नदी कालपी के समीप गिरफ्तार कर लिया।

# कुओं की सफाई कराकर पुराने जलस्त्रोतों को संचालित करें

कार्यालय संवाददाता, जालौन

- डीएम ने पंचायती राज, ग्राम्य विकास आदि विभागों के साथ बैठक की

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायती राज विभाग, नगर विकास, ग्राम्य विकास विभाग एवं जल सम्बन्धी जिला स्तरीय अधिकारियों की जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भीषण गर्मी को देखते हुए समीक्षा बैठक की। सम्बंधित अधिकारियों को न केवल दिशा निर्देश दिए बल्कि रोस्टर अनुसार नहरों में पानी पहुंचने के साथ साथ पेयजल स्रोत वाले कुओं को गहरा करके पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जैसा कि सर्व विदित हैं कि भीषण गर्मी मे कुओं का जल स्तर कम होना, नहरों, तालाबों, झरनों में पानी की कमी से जीव जंतुओं को खासी परेशानी हो रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गर्मी के वहाल मौसम को ध्यान मे रखते हुए आज जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी ख़राब नलकूप को तत्काल ठीक कराने और जो विधुत दोष से पीड़ित नलकूपो के ट्रांसफार्मर से कम अथवा अधिकारी बोलटेज को नियंत्रित करने के लिए विद्युत विभाग एवं नलकूप विभाग सामंजस वनाकर युद्धस्तर पर कराना सुनिश्चित करें। पेयजल जल की आवश्यकतानुसार उनको गहरा करें पशुओं को पानी हेतु नहरों रोस्टर चलाया जाए। उन्होंने कहा की सिंचाई विभाग की नहरों, नल कूपों, निजी नलकूपों के माध्यम से तालाबों, पोखरों को भरवाने की व्यवस्था की जाए। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिला धिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा सम्बंधित विभागीय मुखिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल प्रबंधक, ड्राइवर के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, उरई

- एक माह पूर्व पलटा था ओवरलोड स्कूली वाहन
- डीएम ने स्वतः संज्ञान लेकर दिए थे जांच के आदेश

**अमृत विचार।** एक माह पूर्व 3 मई 24 को 23 स्कूली बच्चों को लेकर जा रही टाटा मैजिक के खंदक में गिर जाने की घटना का जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने स्वतः संज्ञान लिया और 6 मई को जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद स्कूल प्रबंधक, ड्राइवर और वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। क्षेत्र में कई ऐसे और स्कूल भी हैं जहां बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना ग्रस्त टाटा मैजिक बिना फिटनेश और बिना बीमा के संचालित हो रही थी। 7 सवारी के क्षमता वाले इस वाहन में 33 स्कूली बच्चों का परिवहन करना विशेष अपराध की श्रेणी में पाया गया। बताया कि दुर्घटना ग्रस्त टाटा मैजिक वाहन कांवेंट पब्लिक स्कूल बंगरा से संबद्ध था, इस वाहन के संचालन में स्कूल प्रबंधक राजकुमार कुशवाहा पुत्र संतराम कुशवाहा निवासी ग्राम सिकरी थाना नादीगंव, वाहन स्वामी पवन कुमार पुत्र मुन्ना लाल तथा चालक सुमित व्यास पर जिलाधिकारी के आदेश पर रामपुरा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

# भिंड को हराकर चौरेला ने जीती चंबल क्रिकेट लीग

संवाददाता माधौगण जालौन



विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देते अतिथि। अमृत विचार

- 13.4 ओवर में 74 रन बनाकर सिमट गई भिंड की टीम

**अमृत विचार।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला भिंड और चौरैला टीमों के बीच खेला गया। इसमें चौरेला ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. कैलाश यादव ने फीता काटकर फाइनल मैच की शुरुआत की। चौरैला टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल पाई। भिण्ड टीम 13.4 ओवर में 74 रन पर आल आउट हो गई। भिण्ड टीम के खिलाड़ी अवनीश ने सर्वाधिक 2 छक्का सहित 14 रन का योगदान दिया। चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत और शिवम ओझा ने 3-3 विकेट झटके। जवाब में उतरी चौरेला टीम 13 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 75 रन बनाकर जीत हासिल की। चौरेला टीम को एक-एक रन के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चौरेला टीम के खिलाड़ी पुनीत ने सर्वाधिक 4 चौके सहित 19 रन का योगदान दिया। चौरेला खिलाड़ी आशीष 18 रन बनाने के साथ 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का 16 दिवसीय समापन समारोह में अतिथि के तौर पर पधारे वरिष्ठ कथाकार ए. असफल ने कहा कि चौरेला गांव कुख्यात दस्यु सरगना जगजीवन परिहार के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह गांव खेल गांव बन चुका है। सूरजरेखा त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। आप चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम के रणबाकुरों की याद में मैच खेल रहे हैं। इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान ने भी विचार व्यक्त किए। चंबल संग्रहालय की तरफ से विजेता टीम को चंबल घाटी के आदि विद्रोही लालजू सिंह स्मृति ट्राफी के साथ 11 हजार रुपये नकद और सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा गया। उपविजेता को क्रांतिवीर दौलत सिंह कुशवाह स्मृति ट्राफी के साथ 8 हजार रुपये की नकद राशि, खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। 16 दिवसीय चंबल क्रिकेट लीग सीजन- 3 में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत को क्रांतिवीर जीता चमार स्मृति मैन आफ द सीरीज ट्राफी प्रदान की गई। एम्पायर की भूमिका राम दुबे और प्रदीप भदौरिया ने निभाई। स्कोर बुक में दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और सचिन परिहार ने किया।

## सार-संक्षेप

### दीवार ढहने से दबी वृद्धा, मौत

**उरई।** डकोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जैसारी कला में बीती रात आई तेज आंधी व बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवार गिर गई, उसके नीचे 80 वर्षीया वृद्धा दबकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर जमा हो गये, उन्होंने 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया और घायल महिला को लाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान वद्धा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम जैसारी कलां में बीती रात तेज आंधी व पानी के चलते रामशरन वर्मा के कच्चे मकान की दीवार गिर गयी, जिसके नीचे दबकर रामशरन की 80 वर्षीय वृद्ध मां गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिनकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी।

### काटे जा रहे हरे पेड़, जिम्मेदार मौन

**उरई।** जिला जालौन के नगर एट में झांसी रोड पर लगे हरे शीशम के पेड़ों की कटान की जा रही है, लोगों का आरोप है कि वनविभाग जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रहा। एट वन रेंज के अंतर्गत हो रही बेशकीमती शीशम के पेड़ों की कटान से जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। जबकि यहां रोजाना खुलेआम पेड़ों की कटाई की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि एट वन रेंज के अधिकारियों को कईबार शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।



पेड़ काटते हुए।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**उरई।** रेंढर कस्बा निवासी रजक उर्फ टिल्लू पुत्र हरिशंकर एक मुकदमे में नामजद है। जिसका ट्रायल अदालत में चल रहा है। कई तारीखों में हाजिर न होने पर अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



आरोपी टिल्लू।

### डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने कालपी रोड स्थित हाईटेक गल्ला मंडी के ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जहां स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को देखा। साथ ही स्ट्रांग रूम की निर्बाध बिद्युत आपूर्ति का जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात अर्द्धसैनिक बलों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के दृष्टिगत नवीन गल्ला मंडी में मतगणना हेतु चल रही तैयारियों का जायजा लेकर नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम तथा मण्डी स्थल में बने कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

अव्यवस्था — कुठौंद विकास खंड के ग्राम वस्तेपुर की गौशाला के हाल, छाया के नहीं है पर्याप्त इंतजाम

# गर्मी में खुले आसमान के नीचे तड़प रहे बेसहारा गोवंश

संवाददाता, कुठौंद



गौशाला के अंदर धूप में खड़े गोवंश। अमृत विचार



गोवंश पर पानी का छिड़काव करते पालिका परिषद अध्यक्ष। अमृत विचार

- मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत वस्तेपुर में बनी अस्थाई गौशाला का हाल बेहाल है। गौशाला में पशुओं को छाया उपलब्ध करवाये जाने के लिए टीनशेड डलवाया लेकिन उनमें जिम्मेदारों ने भूसा भर दिया है, जिससे गौशाला में बंद गोवंशों के लिए छाया के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं है। भीषण गर्मी के चलते गोवंशों को छाया नहीं मिल पा रही है। जालौन औरैया हाईवे के किनारे न्याय पंचायत हदरुख की ग्राम पंचायत बस्तेपुर में बनी अस्थाई गौशाला बनी हैं। इसमें बड़ी संख्या में गोवंश हैं। इस गौशाला में गोवंश की क्षमता के अनुसार पर्याप्त छाया का साधन नहीं होने से गोवंश को तपती दोपहर में भी खुले में बैठना पड़ता है। पांच दिन पहले मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी द्वारा कुठौंद, मदारीपुर एवं बस्तेपुर की गौशालाओं का निरीक्षण किया गया था। जहां पर उन्होंने बस्तेपुर की गौशाला पर गहरी नाराजगी व्यक्त कर तत्काल छाया तथा अन्य व्यवस्थाएं बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन उनके निर्देशों का असर किसी पर भी पड़ता हुआ नहीं दिखाई दिया और गोवंशों के लिए बने टीनसेड के आधे भाग में आज भी भूसा भरा हुआ है। जिससे गोवंश भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे गर्मी में तप रहे हैं। इस विषय में जब खंड विकास अधिकारी जेपी सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा हैं जहां-जहां अव्यवस्थाएं मिल रहीं हैं उनमें व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं।

### आलमपुर गौशाला में की जा रही गोवंश की सेवा

**कालपी जालौन।** आलमपुर गौशाला कालपी में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने समाजसेवियों तथा गोभक्तों के साथ संरक्षित गोवंशों को स्नान कराया और गुड़ खिलाकर गोसेवा करने के लिये नागरिकों को जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला में करीब दो सैकड़ा गोवंश हैं। वर्तमान समय में भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए गौशाला में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देशन में पुख्ता व्यवस्था की गई हैं। समय-समय कर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। रविवार की सुबह भीषण गर्मी के कारण गोवंशों को राहत पहुंचाने के लिए तमाम प्रकार के उपाय किए जा रहे हैं। गौशाला में गोवंशों को गर्मी से बचाव के लिये कर्मचारियों के साथ पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ,समाजसेवी कुलदीप चौहान, नारायण द्विवेदी मवई, बउआ राजावत, राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह आदि कर्मचारियों के द्वारा पानी से छिड़काव करके स्नान कराया।

# कलश यात्रा निकाली, भागवत कथा शुरू

**उरई (जालौन)।** बजरंग सत्संग आश्रम में प्रभु राम जानकी मंदिर की स्थापना की वर्षगांठ पर ग्रामीणों द्वारा भागवत का आयोजन करवाया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को हुई पहले दिन कलशयात्रा निकालकर कथा शुरू की गई। कथा 8 जून को समाप्त होगी। वहीं भंडारा 9 जून को होगा। कलश यात्रा के तहत ग्रामीणों व महिलाओं ने मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ की जो पूरे गांव के सभी देवी देवताओं का पूजन करते हुए फिर उसी स्थान पर आकर संपन हुई।

परीक्षित हरिशंकर सचिव ग्राम डकोर बने हैं। कथावाचक सुमन शास्त्री हैं। कार्यक्रम में ईश्वरदास महाराज व सागर मुनि आश्रम डकोर, बजरंग आश्रम डकोर त्यागीजी, बालक दासजी महाराज आदि ने भाग लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं **श्रेया सिंह पुत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी- ग्राम-भवानीपुर, पोस्ट- रायपुर, तहसील- लालगंज, जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम श्रेया सिंह है। एल.आई.सी. की पालिसी संख्या- 217365682 के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मान्सी सिंह लिख गया है, जो कि गलत है।

केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी
आवश्यकता है
यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/-**
अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।
प्रबन्धक/प्राचार्य

